भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †5212
सोमवार, 03 अप्रैल, 2023/13 चैत्र, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**इडुक्की में केंद्रीय कार्यक्रम और परियोजनाएं**

**†5212. एडवोकेट डीन कुरियाकोसः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केरल राज्य में पर्यटन क्षेत्र में सभी केन्द्रीय कार्यक्रमों और परियोजनाओं का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार के पास केरल राज्य में पर्यटन क्षेत्र के अंतर्गत चल रही परियोजनाओं का ब्यौरा है;

(ग) यदि हां, तो परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार के पास इडुक्की संसदीय क्षेत्र में पर्यटन क्षेत्र में सभी केन्द्रीय कार्यक्रमों और परियोजनाओं का ब्यौरा है;

(ङ) यदि हां, तो इन कार्यक्रमों और परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) केरल राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों का ब्यौरा क्या है और यहां वार्षिक रूप से कितने लोगों का आगमन होता है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (च): पर्यटक स्थानों/स्थलों की पहचान और विकास मुख्य रूप से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है। तथापि पर्यटन मंत्रालय ने 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान सम्बन्धी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता' योजनाओं के तहत केरल राज्य में पर्यटन सम्बन्धी अवसंरचना के विकास के लिए वितीय सहायता प्रदान की है।

पर्यटन मंत्रालय ने आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना के तहत मेलों/महोत्सवों और पर्यटन सम्बन्धी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए भी केरल राज्य को वित्तीय सहायता प्रदान की है।

उपरोल्लिखित योजनाओं के तहत केरल राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं का स्थिति सहित विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

केरल में वर्ष 2015-16 में स्वदेश दर्शन योजना के तहत 64.08 करोड़ रु. की राशि से 'पथनमथिट्टा- गावी- वेगामोन- थेक्कड़ी का विकास' नामक एक परियोजना को स्वीकृति दी गई है जिसमें इडुक्की जिले में 52.11 करोड़ रु. की राशि के हस्तक्षेप शामिल है। यह परियोजना भौतिक रूप से पूर्ण हो चुकी है।

पर्यटन मंत्रालय की उपरोल्लिखित योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता पाने के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से समय-समय पर प्रस्ताव प्राप्त होते हैं। इन प्रस्तावों की योजना दिशा-निर्देशों के संदर्भ में जाँच की जाती है और निर्धारित प्रावधानों की प्रतिपूर्ति तथा निधियों की उपलब्धता के अध्याधीन परियोजनाओं को वित्तीय सहायता दी जाती है।

पर्यटन मंत्रालय द्वारा पर्यटक यात्राओं पर गंतव्य-वार आंकड़ें तैयार नहीं किए जाते हैं। तथापि पिछले 3 वर्षों के दौरान केरल में घरेलू और विदेशी पर्यटक यात्राएं निम्नानुसार है:-

| **वर्ष 2020-2022 के दौरान घरेलू और विदेशी पर्यटक यात्राएं** | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र. सं.** | **राज्य** | **2020** | | **2021** | | **2022*** | |
| | | **घरेलू** | **विदेशी** | **घरेलू** | **विदेशी** | **घरेलू** | **विदेशी** |
| 1. | केरल | 4988972 | 340755 | 7537617 | 60487 | 18867414 | 345549 |

* अनंतिम

स्रोत: राज्य पर्यटन विभाग

*****

**अनुबंध**

इडुक्की में केंद्रीय कार्यक्रम और परियोजनाएं के सम्बन्ध में दिनांक 03.04.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †5212 के भाग (क) से (च) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन योजना** **(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **परिपथ/ स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **जारी की गई राशि** | **भौतिक स्थिति (%)** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | केरल | इको परिपथ 2015-16 | पथनमथिट्टा - गावी - वेगामोन - थेक्कडी का विकास (जिला - इडुक्की और पथनमथिट्टा) | 64.08 | 64.08 | पूर्ण |
| 2. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | सबरीमाला - एरुमेली - पंपा - सन्नीधानम का विकास (जिला - पथनमथिट्टा) | 54.88 | 27.44 | 76.23% |
| 3. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | श्री पद्मनाभ अर्नामुला का विकास (जिला - तिरूवनंतपुरम) | 78.08 | 73.77 | पूर्ण |
| 4. | केरल | ग्रामीण परिपथ 2018-19 | मलानाड, मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास (जिला - कन्नूर) | 57.35 | 23.77 | 54.46% |
| 5. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | शिवगिरि श्री नारायण गुरु आश्रम - अरुवीपुरम - कुन्नुमपारा श्री सुब्रामणिया - चेंबाझांती श्री नारायण गुरुकुलम का विकास (जिला - तिरूवनंतपुरम) | 66.43 | 15.57 | 51.74% |

**प्रशाद योजना** **(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **अनुमोदित लागत** | **जारी की गई राशि** | **स्थिति** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | केरल | गुरुवायूर मंदिर का विकास | 2016-17 | 45.19 | 45.19 | पूर्ण |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | (जिला: त्रिचूर) | | | | |

**पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजना**

**(करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | राज्य | परियोजना का नाम | केंद्रीय एजेंसी | स्वीकृत राशि | जारी की गई राशि | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **वर्ष 2013-14** | | | | | | |
| 1. | केरल | रेल मंत्रालय के सहयोग से त्रिवेन्द्रम रेलवे स्टेशन पर पर्यटक सुविधाओं का संयुक्त विकास (जिला: तिरूवनंतपुरम) | रेल मंत्रालय | 5.98 | 4.00 | चालू |
| **वर्ष 2016-17** | | | | | | |
| 2. | केरल | विलिंगडन द्वीप, कोचीन, केरल में वॉकवे/प्रोमेनेड का विकास (जिला: एर्नाकुलम) | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 9.01 | 8.27 | पूर्ण |
| 3. | केरल | एर्नाकुलम घाट के बर्थ और बैकअप क्षेत्र के उन्नयन के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता (जिला: एर्नाकुलम) | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 21.41 | 19.13 | पूर्ण |
| 4. | केरल | भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा एसएआई तिरुवनंतपुरम गोल्फ क्लब में गोल्फ कोर्स के उन्नयन के लिए परियोजना (जिला: तिरूवनंतपुरम) | भारतीय खेल प्राधिकरण | 24.65 | 12.32 | चालू |
| **वर्ष 2018-19** | | | | | | |
| 5. | केरल | कोचीन पोर्ट क्रूज टर्मिनल में अवसंरचना का विकास करना (जिला: एर्नाकुलम) | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 1.21 | 1.14 | पूर्ण |
| 6. | केरल | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट वॉकवे पर अतिरिक्त पर्यटन सुविधाओं का निर्माण | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 4.66 | 4.66 | पूर्ण |
| **वर्ष 2019-20** | | | | | | |
| 7. | केरल | नए कोचीन पोर्ट ट्रस्ट टर्मिनल में अतिरिक्त अवसंरचना के विकास के लिए केंद्रीय वित्तीय | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 10.30 | 8.23 | चालू |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सहायता (जिला: एर्नाकुलम) | | | | |

**आतिथ्य सहित घरेलू सवंर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना के तहत मेलों/महोत्सवों और पर्यटन सम्बन्धी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रदत्त वित्तीय सहायता**

**(लाख रु. में)**

| **राज्य का नाम** | **वर्ष** | **मेलों और महोत्सवों का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **जारी की गई राशि** |
|---|---|---|---|---|
| केरल | 2015-16 | अखिल भारतीय शिल्प महोत्सव सरगोलसाव | 12.50 | 12.50 |
| | 2016-17 | 64वीं नेहरू ट्रॉफी बोट रेस | 25.00 | 25.00 |
| | | प्रेसिडेंट्स ट्रॉफी बोट रेस, कोल्लम | 25.00 | 25.00 |
| | 2017-18 | होम स्टे तथा ग्रामीण पर्यटन यात्रा सम्मेलन,एर्नाकुलम; सर्गालय अंतर्राष्ट्रीय कला और शिल्प महोत्सव, प्रेजिडेंट ट्रॅफी बोट रेस | 35.00 | 35.00 |
| | 2018-19 | 66वीं नेहरू ट्रॉफी बोट रेस | 25.00 | 25.00 |
| | | सर्गालय अंतर्राष्ट्रीय कला और शिल्प महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | 2019-20 | केरल होम स्टे एंड टूरिज्म सोसाइटी द्वारा होम स्टे और ग्रामीण पर्यटन यात्रा पर सम्मेलन | 10.00 | 10.00 |
| | | 67वीं नेहरू ट्रॉफी बोट रेस | 25.00 | 25.00 |
| | | 9वां सर्गालय अंतर्राष्ट्रीय कला और शिल्प महोत्सव | 15.00 | 15.00 |

*****